


**नवभारत**
भोपाल, शनिवार, 11 अप्रैल, 2026


## एक नजर

### गीता टॉकीज में 'धुरंधर' फिल्म ब्राह्मण समाज के लिए निशुल्क

**सिवनी मालवा 10 अप्रैल 2026,** सिवनी मालवा के गीता टॉकीज में एक सराहनीय पहल सामने आई है। टॉकीज के मालिक दीपक पालीवाल ने फिल्म धुरंधर को ब्राह्मण समाज के लिए निशुल्क प्रदर्शित करने का निर्णय लिया है।

यह विशेष प्रदर्शन रविवार, 12 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस दिन दो शो पूरी तरह निशुल्क रहेंगे—पहला शो दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक तथा दूसरा शो शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक। इन दोनों शो में ब्राह्मण समाज के सभी विप्र बंधु एवं महिलाएं बिना किसी शुल्क के फिल्म का आनंद ले सकेंगे। इस पहल को लेकर शहर में सकारात्मक माहौल है और लोग इसे सामाजिक जुड़ाव एवं सद्भाव को बढ़ावा देने वाला कदम मान रहे हैं। टॉकीज के मालिक दीपक पालीवाल ने बताया कि इस आयोजन के दौरान टॉकीज के मुख्य द्वार पर समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, जो आगंतुकों का मार्गदर्शन करेंगे। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रवीण अवस्थी ने समाज के सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने परिवार सहित पहुंचकर फिल्म धुरंधर का आनंद लें। टॉकीज मालिक दीपक पालीवाल की सराहनीय पहल, रविवार को दो शो रहेंगे फ्री.

# रिश्वत लेते प्रबंधक रंगे हाथों गिरफ्तार

### मानदेय के नाम पर 'उगाही', पशु सखी को दी नौकरी से निकालने की धमकी



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 10 अप्रैल** भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए भोपाल लोकायुक्त की टीम ने आज केसला जनपद पंचायत में एक सनसनीखेज कार्रवाई को अंजाम दिया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यालय में चल रहे रिश्वतखोरी के नेक्सस का भंडाफोड़ करते हुए टीम ने सहायक विकासखंड प्रबंधक सहित तीन लोगों को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामला जनपद पंचायत केसला का है, जहां आवेदिका श्रीमती सुनैया बरकडे 'पशु सखी' के रूप में कार्यरत हैं। फरवरी 2026 में उन्हें उनके कार्य के बदले 29,700 रुपये का मानदेय प्राप्त हुआ था। आरोप है कि सहायक विकासखंड प्रबंधक धर्मेन्द्र गुप्ता ने आवेदिका पर दबाव बनाया कि उसने काम कम किया है और अधिकारियों ने साठगांठ कर उसका ज्यादा मानदेय बनवाया है। गुप्ता ने आवेदिका से 25,000 रुपये की अवैध मांग की और धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए, तो उसे काम से निकालकर किसी अन्य महिला को पदस्थ कर दिया जाएगा। मिन्नतें करने के बाद सौदा 20,000 रुपये में तय हुआ।

**लोकायुक्त का जाल और रंगे हाथों गिरफ्तारी** – सुनैया बरकड़े की शिकायत पर लोकायुक्त एसपी दुर्गेश कुमार राठौड़ ने जाल बिछाया। शुक्रवार, 10 अप्रैल को जैसे ही आवेदिका रिश्वत की राशि लेकर कार्यालय पहुंची, टीम ने दबिश दी। मुख्य आरोपी धर्मेन्द्र गुप्ता ने यह राशि क्लस्टर फेडरेशन मैनेजर श्रीमती कामिनी राजपूत और चपरासी कृष्णा धुर्वे के माध्यम से स्वीकार की। मौके पर मौजूद लोकायुक्त दल ने तीनों को धर दबोचा।

> गुप्ता ने आवेदिका से 25,000 रुपये की अवैध मांग की और धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए तो उसे काम से निकालकर किसी अन्य महिला को पदस्थ कर दिया जाएगा। मिन्नतें करने के बाद सौदा 20,000 रुपये में तय हुआ।

**इन अधिकारियों की रही मुख्य भूमिका** – पुलिस महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देश एवं डीआईजी मनोज सिंह के मार्गदर्शन में हुई इस कार्रवाई में लोकायुक्त की टीम ने पूरी सतर्कता बरती। ट्रैप दल में डीएसपी अजय मिश्रा, निरीक्षक रजनी तिवारी, घनश्याम मर्सकोले और प्रधान आरक्षक रामदास कुर्मी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

**भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज** – पकड़े गए तीनों आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (संशोधित 2018) की धारा-7 और 12 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई से जनपद पंचायत और मिशन के अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। खबर लिखे जाने तक लोकायुक्त की टीम आरोपियों से पूछताछ और दस्तावेजी कार्रवाई में जुटी थी।

# प्रदेश का पहला फिश पार्लर इटारसी में शुरू हुआ



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 10 अप्रैल** प्रदेश के मत्स्य पालन क्षेत्र को आधुनिक बनाने की दिशा में इटारसी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शुक्रवार को बैल बाजार क्षेत्र में प्रदेश के पहले स्मार्ट फिश पार्लर का भव्य उद्घाटन किया गया। यह पहल न केवल शहर को स्वच्छ रखेगी, बल्कि मछली विक्रेताओं को एक गरिमामय व्यापारिक वातावरण भी प्रदान करेगी।

यह आधुनिक पार्लर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत तैयार किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य नीली क्रांति के माध्यम से मत्स्य पालन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। इस पार्लर के निर्माण के लिए लगभग 15 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। योजना के तहत अब मछुआरों को भी किसानों के समान केसीसी की सुविधा मिल रही है, जिससे उन्हें कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध हो पा रहा है। पार्लर में लगे आधुनिक डीप फ्रीजर और डिस्प्ले फ्रिज इसी योजना का हिस्सा हैं, ताकि मछलियों की शेल्फ लाइफ बढ़ सके और ग्राहकों को ताज़ा उत्पाद मिलें। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में किसी ने भी मछली विक्रेताओं के स्वास्थ्य और सम्मान की चिंता नहीं की थी। उन्होंने कहा,पीएम मोदी और सीएम डॉ. मोहन यादव की सरकार ने मछुआरों को किसान मानकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है। यह पार्लर इस बात का प्रमाण है कि मेरा देश अब स्मार्ट हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने विभाग और निर्माण टीम की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से ठेकेदार असलम खान के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया.

# भगवान परशुराम जयंती पर होंगे 7 दिवसीय आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 10 अप्रैल** आगामी 18 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर को लेकर पूरे शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस वर्ष ब्राह्मण समाज द्वारा जयंती को और अधिक भव्य बनाने के लिए विशेष रूप से सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत 14 अप्रैल से होकर 20 अप्रैल तक विभिन्न आयोजनों के साथ होगी। ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष जितेंद्र ओझा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। पुरुष वर्ग और महिला मंडल को अलग-अलग जिम्मेदारियों के साथ सक्रिय भूमिका दी गई है, जिससे आयोजन सुव्यवस्थित और सफल रूप से संपन्न हो सके। जिला अध्यक्ष जितेंद्र ओझा पिछले लगभग 14 वर्षों से ब्राह्मण समाज का नेतृत्व कर रहे हैं।

उनके जिला अध्यक्ष बनने के बाद से समाज के आयोजनों ने एक विशाल स्वरूप ग्रहण किया है। वर्ष 1995 से लगातार समाज द्वारा शोभायात्रा और भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं, लेकिन पिछले वर्षों में इन आयोजनों की भव्यता और सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज यह आयोजन एक बड़े सामाजिक उत्सव के रूप में स्थापित हो चुका है, जिसमें समाज के सभी वर्ग—बुजुर्ग, युवा, महिला और बच्चे—बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। जितेंद्र ओझा के नेतृत्व में युवाओं को जोड़ने, महिलाओं को सक्रिय भागीदारी देने और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का निरंतर प्रयास किया गया है। यही कारण है कि ब्राह्मण समाज आज शहर में एक सशक्त और एकजुट स्वरूप में स्थापित हुआ है।

### कवि सम्मेलन आज

**पिपरिया, 10 अप्रैल** साहित्यकार पं. रामकृष्ण पांडे की स्मृति में 11 अप्रेल को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन मंगलवारा बाजार में होगा।

### लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश

**हरदा,** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने राजस्व विभाग के कामकाज की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनता से जुड़े लंबित प्रकरणों का निराकरण गुणवत्ता के साथ और तय समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होने लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने नामांतरण, बंटावारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, धारणाधिकार तथा राजस्व वसूली की स्थिति की भी समीक्षा की। सभी अधिकारी कार्यों की प्रगति की निरन्तर समीक्षा करें।

# परशुराम सेना के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र

**नवभारत न्यूज**

**माखननगर, 10 अप्रैल** सर्व ब्राह्मण समाज ने परशुराम भवन में बैठक का आयोजन किया जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी परशुराम सेना के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रेम किशोर गुरु भोपाल संभाग प्रभारी राजेश पाठक जिला अध्यक्ष हरदा नितिन जोशी नर्मदा पुरम जिला अध्यक्ष प्रकाश दुबे ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किये और हर जगह परशुराम जन्मोत्सव गरिमा के साथ भव्यता पूर्ण मनाने पर जोर दिया कार्यक्रम का संचालन हर्ष तिवारी ने किया परशुराम सेना के नव नियुक्त पदाधिकारी संभाग प्रभारी दिनेश उपाध्याय एवं नर्मदा पुरम परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष कान्हा गुरु को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए पुष्पमाला से स्वागत किया इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ विप्र जन रमेश तिवारी कृष्ण कुमार उपाध्याय मनमोहन व्यास सर्व ब्राह्मण समाज के ब्लॉक अध्यक्ष रमन शुक्ला सहित अनेक विप्र बंधु मौजूद रहे परशुराम सेना के पदाधिकारी को प्रदान किए.


**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**
**9425040051**


# बारकोड से बदलेगी चना खरीदी की तस्वीर



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम।** जिले में चना खरीदी को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए इस बार एक अभिनव तकनीकी प्रयोग किया गया है। अब खरीदी प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक बारदाने (बोरी) पर बारकोड लगाया जाएगा, जिसे मोबाइल से स्कैन करते ही संबंधित पूरी जानकारी तुरंत सामने आ जाएगी। इस नई व्यवस्था के तहत जैसे ही बारकोड स्कैन किया जाएगा, चना बेचने वाले किसान का नाम, उसका गांव, जमीन (रकबा), और उपज किस खरीदी केंद्र पर बेची गई ये सभी विवरण एक क्लिक में उपलब्ध हो जाएंगे। इसके साथ ही संबंधित केंद्र का नाम, तहसील और समिति प्रबंधक की जानकारी भी आसानी से प्राप्त की जा सकेगी। विपणन संघ द्वारा सभी केंद्रों पर बारकोड युक्त बारदानों की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। जिले में चना खरीदी के लिए कुल 16 केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां अब इसी नई प्रणाली के तहत खरीदी हो रही है। इस पहल का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अब केवल पंजीकृत किसान ही अपनी उपज बेच सकेंगे, जिससे फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी। साथ ही, तय गुणवत्ता मानकों के अनुसार ही चना खरीदा जाएगा, जिससे गुणवत्ताहीन उपज की खरीदी पर प्रभावी नियंत्रण रहेगा। बारकोड सिस्टम के जरिए गोदामों और वेयरहाउस में संग्रहित चने की कभी भी जांच की जा सकेगी और यह आसानी से पता लगाया जा सकेगा कि चना किस किसान से खरीदा गया और किस केंद्र पर उसकी खरीदी हुई।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान कार्यशाला एवं मेला आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी, 10 अप्रैल** स्थानीय मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाचवानी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय भव्य विज्ञान कार्यशाला एवं विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग से संपन्न हुआ। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य विषय खगोल विज्ञान और जलवायु परिवर्तन रखा गया।

यह आयोजन महान वैज्ञानिक C. V. Raman की स्मृति में किया गया। कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य हरगोविंद मालवीय के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ तथा समन्वयक प्रज्ञा महलगमैया रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर व्यावहारिक विज्ञान से जोड़ना और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना रहा। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ दीपक सोनी (विज्ञान लोकप्रियकरण एवं सामाजिक शोध संस्था समिति, रायसेन) एवं आशीष पारे (मध्य प्रदेश विज्ञान सभा) ने विद्यार्थियों को खगोल विज्ञान, ब्रह्मांड की संरचना, खगोलीय घटनाओं और जलवायु परिवर्तन के वैज्ञानिक पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सौरमंडल, ग्रहण, सूर्य की गति तथा पृथ्वी के जलवायु तंत्र को समझने के लिए प्रयोगात्मक शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सूर्य एवं चंद्र ग्रहण, चंद्रकलाएँ, मौसम निर्माण प्रक्रिया, राशि चक्र तथा पृथ्वी की गति जैसी जटिल अवधारणाओं को क्रियाशील मॉडलों के माध्यम से सरल तरीके से समझाया गया। साथ ही उन्हें डॉ. सी. वी. रमन के जीवन और उनके वैज्ञानिक योगदान से भी अवगत कराया गया।

# जनगणना राष्ट्रीय कार्य है इसे पूरी ईमानदारी से पूर्ण करें



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 10 अप्रैल** शुक्रवार को प्रथम दिवस की जनगणना कार्य के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण जिला प्रभारी आयुषी यादव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया तथा उपस्थित प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से संवाद स्थापित किया। नपा के कार्यालय अधीक्षक एवं अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं चार्ज जनगणना अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में जनगणना से संबंधित कार्य संपादित किया जा रहा है। श्री सोनी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जिला प्रभारी जनगणना आयुषी यादव द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, अतः इसे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समय-सीमा के भीतर संपादित किया जाए। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी, उपस्थिति एवं व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे.

# सनशाईन स्कूल में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**सिराली** शुक्रवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार हरदा के तत्वाधान में सिराली स्थित सनशाईन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के नए भवन (घोघड़ा रोड) में एक दिवसीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्वा ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।

**अनुभवी विशेषज्ञ द्वारा मार्गदर्शन** – दिल्ली और नागपुर जैसे महानगरों में 15 वर्षों का कार्य अनुभव रखने वाली डॉ. श्रीमतीअपूर्वा ने क्षेत्र की महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया शिविर के सफल आयोजन में अखिल विश्व गायत्री परिवार हरदा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में गायत्री परिवार से काशिव सर, काशिव मैडम एवं उनका परिवार विशेष रूप से उपस्थित रहा। बिहारीलाल मालवीय, श्रीमती सुमन राजपूत, शिवराम जी रायखेरे, ओपी पटेल सर, शिवनारायण निकुम, लोकेंद्र गौर सहित संस्था का सहयोग रहा. सनशाईन स्कूल की प्राचार्या श्रीमती अंकिता अग्रवाल एवं संचालक सचिन कुमार अग्रवाल के कुशल प्रबंधन में शिविर का संचालन हुआ।

व्यवस्थाओं में शिक्षक संजू कुमार इन्दौरे, महेंद्र गुर्जर तथा महेश गायकवाड और मुकेश बावने ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुँचकर पंजीयन कराया और डॉ. श्रीमती अपूर्वा से सीधे संवाद कर अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का उचित समाधान प्राप्त किया।

# पुस्तक मेले की हुई औपचारिकता

**पिपरिया** शासकीय कन्या शाला में पाठ्य पुस्तक व गणवेश मेले का आयोजन हुआ। शा.क.शाला में 5 अप्रेल से 4 दिवसीय पाठ्य पुस्तक विक्रेता, अशासकीय विद्यालय के गणेवेश विक्रेता, स्कूल बेग विक्रेताओ का मेला का आयोजन किया गया जिसमें अनेको दुकानदारो को सूचना देने के बाद चार दिवस में आधे दिन चार दुकानदार ही मेले में उपस्थित हुए। मेले की औपचारिकता करने पुस्तक दुकानदारो ने सीबीएससी की पुस्तको के साथ कापियों की बिक्री हेतु काउंटर लगाये। इस दौरान एनसीईआरटी की पुस्तके काउंटरो पर नदारद रही। शहर के प्रायवेट स्कूलो में पाठ्य पुस्तके चलाई जा रही है शिक्षा विभाग के निर्देश के बाद भी विक्रेता निर्देशो को नजरअंदाज कर रहे है।

# श्रीनाथ वेयरहाउस डेठी में गेहूं खरीदी केंद्र शुरू

**सिवनी मालवा** सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र में रबी विपणन सीजन के तहत गेहूं खरीदी कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। इसी क्रम में ग्राम डेठी स्थित श्रीनाथ वेयरहाउस में शुक्रवार को गेहूं खरीदी केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम विजय राय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर एसडीएम विजय राय ने विधि-विधान से पूजन-अर्चना कर तोल कांटे का पूजन किया और किसानों से गेहूं खरीदी की प्रक्रिया का श्रीगणेश कराया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता और सुचारु व्यवस्था के साथ किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में खरीदी समिति सहकारी पगढाल के प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

**एसपीएम** | **देवनागरी और हिंदी की शक्ति पर केंद्रित कार्यशाला श्री भावसार द्वारा डिज़ाइन की गई**

# डीजीएम श्री भावसार आईआईएम में आमंत्रित




**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुम, 10 अप्रैल** आई आई एम इंदौर में एक विशिष्ट हाई इम्पैक्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एसपीएम नर्मदापुरम के डीजीएम(राभा) संजय भावसार को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया।

यह कार्यशाला देवनागरी वर्णमाला और बीजमंत्रों की शक्ति और होलोसिस्टिक हेल्थ पर केंद्रित थी । देवनागरी और हिंदी की शक्ति पर केंद्रित यह कार्यशाला विशिष्ट रूप से श्री संजय भावसार द्वारा डिज़ाइन की गई है और इस संबंध में वे देश के एकमात्र विशेषज्ञ है. इस हाई इम्पैक्ट कार्यशाला में श्री भावसार द्वारा शिव संहिता, महेश्वर सूत्र , गीता,उपनिषद, सप्त चक्र, बीज मंत्र , क्वांटम साइंस, न्यूरोसाइंस , आदि के सन्दर्भ देकर देवनागरी के दिव्य स्वरूप से दिव्य व्यक्तित्व के निर्माण की महत्ता को बताया गया। इस सत्र के दौरान प्रतिभागियों को मन प्रबंधन , स्वास्थ्य प्रबंधन और तनाव प्रबंधन हेतु विशिष्ट चक्र ध्यान , गाइडेड मेडिटेशन भी श्री भावसार द्वारा करवाया गया।श्री भावसार स्पिरिचुअल इंटेलिजेंस और साइकोलॉजी की विविध व्यावहारिक विधाओं के साथ इस क्षेत्र में विगत कई वर्षो से कार्यरत है।आई आई एम के डायरेक्टर प्रोफेसर हिमांशु राय के निदेशन और एसपीएम, नर्मदापुरम के चीफ जनरल मैनेजर श्री बेंकटेश कुमार के मार्गदर्शन में इस कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। कार्यशाला आयोजन में सक्रिय भूमिका श्री जयनाथ यादव , राजभाषा अधिकारी द्वारा निभाई गई। ।इस अवसर पर आई आई एम के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कर्नल (डॉ) गुरुराज गोपीनाथ पामिडी और अन्य स्टाफ उपस्थित थे । कार्यक्रम में आभार श्री राजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया ।

# अनिल अहिरवार का रग्बी प्रतियोगिता मे चयन

**पिपरिया** शहर का छात्र अनिल अहिरवार राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता में सहभागिता करेगा। मप्र शालेय अंडर 14 बालक रग्बी टीम में चयन हुआ है। शहर के इग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र अनिल अहिरवार का चयन अंडर 14 बालक वर्ग में उड़ीसा में आयोजित राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता के लिये किया गया है। प्रशिक्षक सचिन पुर्विया ने बताया कि मप्र शालेय रग्बी टीम का नेशनल कोंचिग केम्प इंदौर में 2 अप्रेल से 5 अप्रेल तक आयोजित होने के बाद भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता में मप्र की टीम से अनिल अहिरवार प्रतिनिधित्व करेगा। छात्र के चयन पर स्कूल के संचालको सहित शहर के जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिको ने हर्ष व्यक्त किया.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद हरदा

जिला – हरदा ( म.प्र. ),

क्रं 2024/सा.प्र./2026 हरदा दिनांक 10.04.26

### ई–निविदा सूचना

Tender Notice No. 2026_UAD_498573_1 Date 08.04.2026 कार्य का नाम – कम्प्यूटर एवं सी.सी.टी.व्ही कैमरा हेतु सामग्री क्रय हेतु ऑनलाईन निविदा। अनुमानित लागत Rs. 40,00,000/– एवं अमानत राशि Rs. 25,000 ई–निविदा जमा करने की दिनांक तथा समय – दिनांक 09.04.2026 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 08.05.2026 शाम 5.30 बजे तक तथा ई–निविदा दिनांक 11.05. 2026 को समय 12.00 PM बजे तक खोली जायेगी। निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता: WWW.MPTENDRS.GOV.IN

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हरदा